कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्घीकला, हाजीपुर)

रविन्द्र कुमार, बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102

E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

कार्यालय–आदेश

कतिपय विद्यालय के द्वारा अनुरोध किया गया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नवम् वर्ग में छात्राओं के नामांकन हेतु अपने पंचायत स्थित मध्य विद्यालयों को आवश्यक निर्देश निर्गत किए जाएँ।

उक्त के आलोक में सभी सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापक यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके विद्यालय से अष्टम वर्ग उत्तीर्ण होने वाले छात्रो का स्थानांतरण प्रमाण पत्र निर्गत करते समय संबंधित पंचायत के माध्यमिक विद्यालय में नामांकन करवाने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। संबंधित संकुल संसाधन केंद्र के समन्वयक अपने स्तर से यह सुनिश्चित करेंगे कि पोषक क्षेत्र की छात्राओं का नामांकन निकटवर्ती उच्च माध्यमिक विद्यालय में शत्-प्रतिशत हो, ताकि उनकी शिक्षा की निरंतरता बनी रहे। पंचायत परिवर्तन की स्थिति में छात्र आवेदन में स्पष्ट कारण अंकित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन समर्पित करेंगे। संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आवेदन में अंकित कारण के अवलोकनपरांत अगर कारण वास्तविक हो तो अनुमति प्रदान करेंगे।निजी विद्यालय के छात्र अपने प्रखंड अंतर्गत किसी भी माध्यमिक विद्यालय में नवम् वर्ग में नामांकन लेने हेतु स्वतंत्र रहेंगे। इसमें किसी प्रकार की अनुशंसा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का अनिवार्य नहीं होगा, परंतु प्रखंड परिवर्तन की स्थिति में संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का हस्ताक्षर स्थानांतरण प्रमाण पत्र पर अंकित रहने पर ही नामांकन लिया जाएगा।

01.4.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

01.4.26

ज्ञापांकः–660 हाजीपुर दिनांकः–01/04/2026

प्रतिलिपिः–सभी प्राचार्य/प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, मध्य/माध्यमिक सरकारी एवं निजी विद्यालय,जिला–वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, जिला–वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

01.4.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

01.4.26